भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 305 | बिजौलिया - गुरुवार, 14 मई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## मानसिक तनाव से परेशान डॉक्टर ने अस्पताल में किया आत्महत्या का प्रयास

### वीडियो जारी कर लगाए आर्थिक धोखाधड़ी और प्रताड़ना के आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनीत चपलोत।** शहर में बुधवार को एक चौंकाने वाला मामला सामने आया, जहां आर्थिक दबाव, मानसिक प्रताड़ना और कथित धोखाधड़ी से परेशान एक डॉक्टर ने अपने ही अस्पताल में आत्महत्या का प्रयास कर लिया। समय रहते उपचार मिलने से उनकी जान बच गई। घटना के बाद चिकित्सा जगत सहित शहरभर में चर्चा का माहौल है।



जानकारी के अनुसार पीड़ित डॉक्टर रवि वर्मा ने आत्महत्या का प्रयास करने से पहले एक वीडियो रिकॉर्ड किया, जिसमें उन्होंने अपनी आपबीती बताते हुए कई लोगों पर गंभीर आरोप लगाए। वीडियो में डॉक्टर मानसिक रूप से बेहद परेशान नजर आए और कहा कि जिन लोगों पर उन्होंने भरोसा किया, उन्हीं ने उन्हें आर्थिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया।


डॉक्टर ने वीडियो में डॉ. हेमंत खज्जा और महेश काबरा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पहले उनकी गाड़ी गिरवी रखवाई गई और बाद में लोन दिलाने के नाम पर कथित फर्जीवाड़ा कर लाखों रुपए का नुकसान पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि बढ़ते कर्ज, बैंक ईएमआई बाउंस होने और कई महीनों से वेतन नहीं मिलने के कारण वे लगातार तनाव में थे।

घटना का खुलासा उस समय हुआ जब एडवोकेट विकास व्यास को डॉक्टर का वीडियो संदेश व्हाट्सएप पर प्राप्त हुआ। वीडियो देखने के बाद उन्होंने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए डॉक्टर को अस्पताल पहुंचाया, जिससे समय रहते उपचार मिल सका। फिलहाल डॉक्टर का उपचार जारी है। सूत्रों के अनुसार पीड़ित डॉक्टर ने पूर्व में भी संबंधित लोगों के खिलाफ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायतें दी थीं, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिल सकी। लगातार बढ़ते तनाव और कथित प्रताड़ना के चलते उन्होंने यह कदम उठाया।

घटना की सूचना मिलते ही सुभाष नगर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और डॉक्टर से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भीलवाड़ा के विकास कार्यों पर राज्यपाल से मिले सांसद दामोदर अग्रवाल

### सांसद ने सचेतक की भूमिका और संसद कार्यप्रणाली पर की चर्चा



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**मूलचन्द पेसवानी**

सांसद दामोदर अग्रवाल ने राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े से जयपुर स्थित राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान सांसद ने अपने संसदीय क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए संसद में अपने अनुभव साझा किए।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि यह एक औपचारिक शिष्टाचार भेंट थी, जिसमें क्षेत्रीय विकास एवं संसदीय प्रक्रियाओं को लेकर सार्थक चर्चा हुई। सांसद अग्रवाल ने राज्यपाल को भीलवाड़ा संसदीय क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास कार्यों से अवगत कराया।

मुलाकात के दौरान सांसद अग्रवाल ने संसद में सचेतक के रूप में अपने अनुभव भी साझा किए। उन्होंने राज्यपाल के अनुभवों एवं मार्गदर्शन को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इस मुलाकात से उन्हें काफी सीखने को मिला।

## न्यूज रिपोर्टर बनकर करता था साइबर फ्रॉड, रायपुर पुलिस ने दबोचा

### निवेश के नाम पर लोगों से ठगी, खाते में 4 माह में 10 करोड़ का संदिग्ध ट्रांजैक्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

रायपुर थाना पुलिस ने साइबर फ्रॉड के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो खुद को न्यूज रिपोर्टर बताकर लोगों को निवेश का झांसा देता था और ऑनलाइन ठगी करता था। आरोपी के बैंक खाते में पिछले चार महीनों में करीब 10 करोड़ रुपए का संदिग्ध लेन-देन सामने आया है। उसके खिलाफ देश के अलग-अलग राज्यों में साइबर ठगी की 116 शिकायतें दर्ज हैं।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान 'म्यूल हंटर' के तहत यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी शंभु दयाल के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान एसबीआई रायपुर शाखा के एक बैंक खाते की साइबर अपराध में संलिप्तता सामने आई। खाते की जांच करने पर पता चला कि यह खाता 'टाइम्स भारत न्यूज प्राइवेट लिमिटेड' से जुड़ा हुआ है, जिसका संचालन गोपाल लाल पुत्र मियांराम बलाई निवासी भीटा, थाना रायपुर द्वारा किया जा रहा था।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी न्यूज चैनल की आड़ लेकर लोगों का भरोसा जीतता था और उन्हें निवेश पर मोटा मुनाफा दिलाने का लालच देकर ऑनलाइन ठगी करता था। ठगी की रकम इसी बैंक खाते में जमा करवाई जाती थी। एनसीआरपी पोर्टल पर जांच में आरोपी के खिलाफ विभिन्न राज्यों के अलग-अलग थानों में 116 साइबर फ्रॉड शिकायतें दर्ज मिलीं।

पुलिस ने बैंक स्टेटमेंट, ई-केवाईसी दस्तावेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ रायपुर थाने में बीएनएस एवं आईटी एक्ट में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से फिशिंग, स्मिशिंग और अन्य साइबर तकनीकों का उपयोग कर लोगों से ठगी करता था। मामले में आगे की जांच जारी है।

## अवैध बजरी परिवहन पर कार्रवाई , ट्रेक्टर ट्रॉली जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थडोदा क्षेत्र में एक अवैध बजरी परिवहन करती ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा है। पुलिस ने मौके पर कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया।

थानाधिकारी स्वागत पांड्या ने बताया को थडोदा क्षेत्र में बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली मिली , जिसे रोककर पूछताछ की गई। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया।

पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है, वही कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध बजरी परिवहन करने वालों में हड़कंप मच गया।

## 187 आरएएस अधिकारियों के तबादले, बिजोलिया में नए एसडीएम होंगे अमित कुमार चौधरी

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

राजस्थान सरकार के कार्मिक विभाग ने बुधवार देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 187 आरएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। कार्मिक विभाग द्वारा जारी सूची के अनुसार बिजोलिया में नए उपखंड अधिकारी के रूप में अमित कुमार चौधरी की नियुक्ति की गई है। वे वर्तमान में टोडारायसिंह में पदस्थापित थे।



अमित चौधरी



अजीत सिंह

वहीं बिजोलिया में कार्यरत उपखंड अधिकारी अजीत सिंह का तबादला कर उन्हें निवाई (टोंक) लगाया गया है। कार्मिक विभाग की ओर से जारी इस तबादला सूची के आदेश संयुक्त शासन सचिव डॉ. धीरज कुमार सिंह द्वारा जारी किए गए।

## पंडेर ग्राम पंचायत में फिर बदला प्रशासक, शंकरलाल गुर्जर को मिली जिम्मेदारी

### ममता जाट को नियम विरुद्ध पट्टे जारी करने के आरोप में किया पदमुक्त

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**

**गजानंद जोशी ।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत पंडेर पिछले काफी समय से राजनीतिक उठापटक के चलते चर्चा में बनी हुई है। पंचायती राज विभाग के नए आदेश के बाद ग्राम पंचायत में एक बार फिर प्रशासक पद पर बदलाव हो गया।

जानकारी के अनुसार निवर्तमान सरपंच एवं प्रशासक ममता जाट को खाली भूमि पर नियम विरुद्ध पट्टे जारी करने संबंधी शिकायतों में आरोप प्रमाणित पाए जाने पर राज्य सरकार द्वारा पदमुक्त कर दिया गया। इसके बाद उपसरपंच शंकरलाल गुर्जर को पुनः ग्राम पंचायत पंडेर के प्रशासक पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

गौरतलब है कि ममता जाट के निलंबन के बाद उपसरपंच शंकरलाल गुर्जर ने प्रशासक पद संभाला था। बाद में प्रशासक पद को लेकर ममता जाट ने न्यायालय की शरण ली थी। न्यायालय के आदेश की पालना में उन्होंने फरवरी माह में दोबारा प्रशासक पद ग्रहण किया था।

अब करीब तीन माह बाद पंचायती राज विभाग द्वारा जारी आदेश के बाद ग्राम पंचायत की प्रशासनिक जिम्मेदारी एक बार फिर शंकरलाल गुर्जर को सौंप दी गई है।

## बीगोद क्षेत्र में बढ़ीं चोरी की वारदातें, ग्रामीणों में रोष

### जोजवा में खेतों से बिजली के तार चोरी, खटवाड़ा में मकान से जेवरात व नकदी पार

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**

थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में नाराजगी और भय का माहौल बना हुआ है। चोर दिन-रात वारदातों को अंजाम देकर पुलिस के लिए चुनौती बने हुए हैं।



मंगलवार रात जोजवा गांव में चोरों ने कई किसानों के खेतों को निशाना बनाते हुए बिजली के केबल और तार चोरी कर लिए। जानकारी के अनुसार सांवरमल कुमावत, रामनिवास सुथार, हीरालाल कुमावत एवं गोपाल कुमावत के खेतों से बिजली के तार चोरी हुए हैं। जोजवा ग्राम पंचायत प्रशासक चांदमल कुमावत ने बताया कि गांव में लगातार दूसरे दिन चोरी की घटना होने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। उन्होंने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। वहीं दूसरी ओर खटवाड़ा गांव में भी चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए सोने-चांदी के आभूषण एवं नकदी चोरी कर ली। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी बढ़ने के साथ ही चोर सक्रिय हो गए हैं और लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। लोगों ने पुलिस प्रशासन से प्रभावी कार्रवाई एवं रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने की मांग की है।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo. 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# मांडल चौराहे पर जल संसाधन मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का किया स्वागत



**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल।**

राजस्थान सरकार के जल संसाधन मंत्री कन्हैया लाल चौधरी का बुधवार को मांडल चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। भाजपा युवा नेता कमलेश सिंह गुड्डा ने बताया कि मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना के सानिध्य में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा सहित कार्यकर्ताओं ने मंत्री चौधरी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत सत्कार किया।

बताया गया कि जल संसाधन मंत्री कन्हैयालाल चौधरी करेड़ा क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान मांडल चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुलदीप शर्मा, किसान मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमलेश सिंह गुड्डा, पूर्व महामंत्री लालकृष्ण सेन, मंडल अध्यक्ष भैरूलाल गाडरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष परमेश्वर लोहार, अरविंद जोशी, राजेंद्र सिंह, किशन किर, मिट्ठू सिंह, सतीश वैष्णव, भैरूलाल सेन सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आशा सहयोगिन कर्मचारी संघ ने समस्याओं के समाधान को लेकर सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




आशा सहयोगिन कर्मचारी संघ ने अपनी विभिन्न मांगों के निराकरण को लेकर बुधवार को जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। यह कदम भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध संगठन द्वारा प्रदेश कार्यसमिति के निर्देशानुसार उठाया गया। जिला उपाध्यक्ष मंजू सुवालका ने बताया कि ज्ञापन में संघ की ओर से पांच सूत्रीय मांग पत्र प्रस्तुत किया गया है। इसमें आशा सहयोगिनों के मानदेय में 10 प्रतिशत वृद्धि, प्रोत्साहन राशि प्रदान करने, सेवा निवृत्ति पर ग्रेच्युटी व पेंशन लागू करने, पदोन्नति की व्यवस्था करने तथा ऑनलाइन कार्यों के लिए विभाग की ओर से टैबलेट या मोबाइल उपलब्ध कराने की मांग शामिल है।इस दौरान भामस जिलामंत्री हरीश सुवालका और प्रदेश विधिक सलाहकार प्रभाष चौधरी ने भी सरकार से शीघ्र इन जायज मांगों का समाधान करने की अपील की। ज्ञापन सौंपने के दौरान माया शर्मा, राधा सुंगन कंवर, मधु सुवालका, स्नेहलता, सुशीला भट्ट, भोजराज कंवर सहित अन्य महिला सदस्य उपस्थित रहे ।

# सीताराम गौशाला में जलभराव समस्या के समाधान को लेकर प्रशासन सक्रिय

## विधायक कार्यालय टीम ने किया निरीक्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



भीलवाड़ा शहर स्थित सीताराम गौशाला काइन ग्राम हाउस में हर वर्ष वर्षा ऋतु के दौरान जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है। गौशाला का निचला हिस्सा पानी भरने से प्रभावित होने के कारण वहां मौजूद गौवंश को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या के समाधान को लेकर मुस्कान फाउंडेशन के आग्रह पर विधायक अशोक कुमार कोठारी के कार्यालय की टीम एवं नगर निगम के अधिकारियों ने मंगलवार को मौके का विस्तृत निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, पानी के बहाव एवं जल निकासी व्यवस्था का अवलोकन किया।

विधायक टीम ने जल दबाव को दूसरी दिशा में मोड़ने तथा प्रभावी निकासी व्यवस्था विकसित करने के साथ ही गौशाला से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।

आगामी वर्षा ऋतु में गौशाला परिसर में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो और गौ माताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके लिए नगर निगम के अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है।

# संस्कारों की पाठशाला, परिषद के 63 वर्षों का सफर, 85 हजार परिवारों तक पहुँचा सेवा का संकल्प

## कार्यशाला में गूँजा नर सेवा ही नारायण सेवा का मंत्र, विक्रांत खंडेलवाल का आह्वान छोटी शाखाएं बनें सेवा का बड़ा केंद्र

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



भारत विकास परिषद की सातों शाखाओं विवेकानंद, आजाद, शिवाजी, महाराणा प्रताप, मीरा, सुभाष, युवा शाखा की ओर से संगठन के विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक नई ऊर्जा फूंकने के उद्देश्य से विशेष बैठक का आयोजन किया गया। गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया कि बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर बैठक के दौरान परिषद के 63 वर्षों के शानदार सफर को रेखांकित किया गया। वर्तमान में परिषद से लगभग 85,000 परिवार जुड़े हुए हैं, जो निरंतर सेवा कार्यों में रत हैं। क्षेत्रीय संगठन मंत्री विक्रांत खंडेलवाल ने जोर देकर कहा कि भीलवाड़ा में संगठन की जड़ें 1989 से गहरी हैं और आज यह सेवा का एक अनुपम उदाहरण पेश कर रहा है। बैठक में यह रणनीति बनाई गई कि छोटे शहरों और मोहल्लों की शाखाओं को अधिक सक्रिय किया जाएगा। खंडेलवाल ने कहा कि, कोई भी पौधा तभी बड़ा वृक्ष बनता है जब उसकी जड़ों को सींचा जाए। उन्होंने संगठन के विस्तार के लिए श्जुड़ना, जुड़ाव बनाए रखना और संगठन के साथ सामंजस्यश् के तीन चरणों वाले फॉर्मूले पर जोर दिया। बैठक में स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी द्वारा दिया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय महासचिव संदीप बाल्दी, प्रांतीय संरक्षक रामेश्वर काबरा और प्रांतीय शहर समन्वयक रजनीकांत आचार्य सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सेवा बस्तियों में स्थायी प्रकल्पों का विस्तार करने, स्वामी विवेकानंद, महाराणा प्रताप और चंद्रशेखर आजाद जैसे महापुरुषों के विचारों का प्रचार-प्रसार करने, 2026 तक संगठन की सदस्यता और सेवा कार्यों में गुणात्मक वृद्धि करने का संकल्प लिया गया। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने राष्ट्रहित में अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाने का संकल्प लिया।

# बाठेड़ा धाम में उमड़ा बाबेल समाज का जनसैलाब, 29वां वार्षिक सम्मेलन बना आस्था और एकता का महाकुंभ

## नई कार्यकारिणी गठन के साथ महिला मंडल की ऐतिहासिक शुरुआत



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**

बाबेल समाज की कुलदेवी सती माता जी के पावन तीर्थस्थल बाठेड़ा धाम में आयोजित बाबेल परिवार का 29वां वार्षिक सम्मेलन इस बार धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और पारिवारिक सद्भाव का विराट उत्सव बन गया।

देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे समाजबंधुओं की मौजूदगी ने बाठेड़ा धाम को मानो आस्था के महाकुंभ में बदल दिया। पूरे परिसर में 'सती माता जी' के जयकारों, भक्ति गीतों और पारिवारिक आत्मीयता की मधुर अनुभूति ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया।

सम्मेलन के दौरान समाजहित, संगठन विस्तार और सामाजिक समरसता को केंद्र में रखते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। मनोज बाबेल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जीतेंद्र बाबेल को निवर्तमान अध्यक्ष, प्रणवीर बाबेल को मंत्री, जयेश बाबेल को कोषाध्यक्ष, भरत बाबेल को उपाध्यक्ष तथा लाल सिंह बाबेल, हरिसिंह बाबेल एवं भूपेंद्र बाबेल को संरक्षक पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# इंडियन पब्लिक स्कूल का डंका, 95.2 प्रति. के साथ निखिल बने टॉपर

## 12वीं बोर्ड में 97 प्रतिशत रिजल्ट, कला-विज्ञान संकाय शत-प्रतिशत पास, शाहपुरा में फिर चमका इंडियन पब्लिक स्कूल का नाम

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**

सीबीएसई कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा 2026 के परिणामों में शाहपुरा के इंडियन पब्लिक स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा दिया। बुधवार को जैसे ही परिणाम घोषित हुए, विद्यालय परिसर में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। विद्यार्थियों के चेहरों पर सफलता की चमक नजर आई तो वहीं अभिभावकों और शिक्षकों ने मिठाइयां बांटकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया।

विद्यालय के निदेशक प्रदीप पारीक एवं रामपाल बिड़ला ने बताया कि इस वर्ष कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय से कुल 59 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 54 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत रहा, जबकि कला एवं विज्ञान संकाय का परिणाम शत-प्रतिशत दर्ज किया गया। वाणिज्य संकाय ने भी 93 प्रतिशत परिणाम देकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों ने शानदार अंकों से सफलता की नई कहानी लिखी। निखिल चैहान ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। दिशा माहेश्वरी ने 94.8 प्रतिशत, सक्षम धूपड़ ने 93.4 प्रतिशत, जहांशीन ने 93 प्रतिशत, दीपमाला मीना ने 92 प्रतिशत, यशस्वी सौदा ने 91.4 प्रतिशत, परिधि डांगी ने 91.2 प्रतिशत तथा रुद्र प्रताप सिंह राठौड़ ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और परिवार का गौरव बढ़ाया।

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार 90 प्रतिशत से ऊपर 8 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की, जबकि 80 प्रतिशत से ऊपर 20 विद्यार्थियों एवं 70 प्रतिशत से ऊपर 41 विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह साबित कर दिया कि इंडियन पब्लिक स्कूल शिक्षा गुणवत्ता के मामले में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि यह सफलता केवल विद्यार्थियों की नहीं, बल्कि शिक्षकों की मेहनत, अभिभावकों के विश्वास और विद्यालय के अनुशासित शैक्षणिक वातावरण का संयुक्त परिणाम है। उन्होंने शिक्षकों के समर्पण और विद्यार्थियों के निरंतर प्रयासों की खुलकर सराहना की।

विद्यालय निदेशक पारीक एवं बिरला ने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि संस्था के लिए गर्व का क्षण है। ऐसे परिणाम विद्यालय को भविष्य में और बेहतर करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि संस्था सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं उज्ज्वल भविष्य निर्माण के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। परिणाम घोषित होने के बाद पूरे विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल रहा और विद्यार्थियों को बधाइयों का तांता लगा रहा।

# सीएमएचओ डॉ. संजीव शर्मा ने सुवाणा ब्लॉक का किया दौरा, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के दिये निर्देश

## हीट वेव तैयारियों, लाडो प्रोत्साहन योजना एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को सुधारने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बुधवार को सुवाना ब्लॉक के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधारात्मक निर्देश चिकित्सा अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को प्रदान किए।

सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने पीएचसी दाथल, पीएचसी आमलीगढ़, पीएचसी मंगरोप एवं ब्लॉक कार्यालय सुवाना का दौरा किया। उन्होंने अस्पतालों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आमजन को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का फीडबैक लिया। साथ ही चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि संस्थानों में आने वाले प्रत्येक मरीज का समुचित स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं परामर्श उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण के दौरान खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुवाना डॉ. अंकित शर्मा सहित अन्य अधिकारी व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। गर्मी के मौसम एवं हीट वेव की स्थिति को देखते हुए सीएमएचओ ने चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया तथा दवाइयों, पेयजल, शीतलन व्यवस्था एवं अन्य जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने लाडो प्रोत्साहन योजना की भी समीक्षा की गई। उन्होंने प्रथम एवं द्वितीय किश्त से वंचित लाभार्थियों को समयबद्ध तरीके से योजना का लाभ दिलाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही अतिरिक्त एनसीडी कार्यक्रम सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा कर उन्होंने आवश्यक सुधार लाने एवं आमजन को बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।


# जहाजपुर में आज होगी उपखंड स्तरीय जनसुनवाई, विधायक गोपीचंद मीणा सुनेंगे आमजन की समस्याएं, विभागीय अधिकारी भी रहेंगे मौजूद

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**

**गजानंद जोशी**

विधानसभा क्षेत्र के निवासियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए विधायक गोपीचंद मीणा के नेतृत्व में बुधवार को उपखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जानकारी के अनुसार जनसुनवाई का आयोजन पंचायत समिति परिसर जहाजपुर में सुबह 11 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे, जिससे आमजन की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा सके। विधायक गोपीचंद मीणा ने क्षेत्रवासियों से जनसुनवाई में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी शिकायतें एवं समस्याएं रखने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है।





QUICK BITES

## भगवान को अपना मानने से जीवन सदाचारी बनता है : सत्यनारायण महाराज

### गेगा का खेड़ा में भागवत कथा के तीसरे दिन ध्रुव, प्रह्लाद और वामन अवतार प्रसंग सुनाए

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।





**जसवंत पारीक**

निकटवर्ती गेगा का खेड़ा गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भागवताचार्य सत्यनारायण महाराज ने श्रद्धालुओं को भक्ति, सदाचार और गुरु महिमा का संदेश दिया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया। कथा के दौरान महाराज ने कहा कि जब मनुष्य भगवान को अपना मान लेता है तो उसका जीवन सदाचारी बन जाता है। भगवान अपने भक्तों से केवल निष्कपट प्रेम चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भक्त जब पूर्ण रूप से भगवान का हो जाता है तो भगवान भी अपने भक्त को सभी प्रकार के सुख प्रदान करते हैं। महाराज ने कहा कि भगवान की कथा से प्रेम करना ही भगवान से प्रेम करना है। जप, तप, व्रत और उपवास का वास्तविक फल भगवान की कथा प्राप्त होना है। जो भक्त भगवान से गूढ़ प्रेम करते हैं, वे भगवान को अत्यंत प्रिय होते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान की कथा के बिना जीवन व्यर्थ है। कथा में सत्यनारायण महाराज ने गुरु और माता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ध्रुव कुमार की प्रेरणादायी कथा सुनाई। इसके साथ ही ऋषभदेव भगवान, जड़भरत, भक्त प्रह्लाद, गज-ग्राह एवं वामन अवतार के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया। महाराज ने कहा कि भक्त प्रह्लाद ने भगवान के नाम की शक्ति से प्रभु को खंभे से प्रकट कर दिया था। कथा के अंत में आरती की गई।

आयोजकों ने बताया कि 14 मई को कथा के दौरान रामनवमी एवं कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

## कंवलियास चारभुजा मंदिर पर स्वर्ण कलश स्थापना कल , चारभुजा नाथ की सहस्त्रधारा अभिषेक किया

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।



( **सांवर वैष्णव** ):- निकटवर्ती बनकाखेड़ा ग्राम पंचायत के कंवलियास माफी गांव में आयोजित हो रहे पंच कुण्डिय श्री विष्णु चण्डी महायज्ञ एवं चारभुजा नाथ मंदिर पर स्वर्ण कलश स्थापना को लेकर चौथे दिन बुधवार को चारभुजा का सहस्त्रधारा अभिषेक किया गया, वही आज गुरुवार को चारभुजानाथ मंदिर पर स्वर्ण कलश की स्थापना और महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी । ग्रामीणों ने बताया कि कंवलियास माफी गांव में चारभुजा नाथ मंदिर शिखर पर स्वर्ण कलश की स्थापना को लेकर श्री विष्णु चण्डी महायज्ञ की शुरुआत रविवार को कलश यात्रा के साथ हुई । चौथे दिन बुधवार को प्रातः 8:15 बजे स्थापित देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की, प्रातः कल मूर्तियां व कलश मंदिर का सहस्त्रधाना अभिषेक हुआ आचार्य बलवंत शास्त्री ने बताया कि पंडित योगेंद्र शर्मा एवं राजू शर्मा ने पुरुसुक्त की 1 लाख 60 हजार आहुतियां लगाई गई अब तक । 5 हवन कुंड पर 45 जोड़ो ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां लगाई । कल गुरुवार को दोपहर 12:16 बजे चारभुजा नाथ मंदिर के शिखर पर स्वर्ण कलश की स्थापना होगी वहीं दोपहर सभा 1:00 बजे महा आरती के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी, सिद्ध बली हनुमान मंदिर भीलवाड़ा के महंत जोगेश्वर दास त्यागी जी महाराज की सानिध्य में पूर्णाहुति होगी । वह इसके बाद प्रसादी का भोग लगाकर वितरण की जाएगी । वही रात्रि में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जो आचार्य राकेश जी महाराज के मुखारविंद से हो रहा । बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण महिला पुरुष भागवत कथा का श्रवण कर रहे हैं ।।

भीलवाड़ा फोकस
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

“भीलवाड़ा फोकस” को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ | बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार

### फार्म हाउस में बंधक बनाकर युवकों से करवाते थे साइबर ठगी, दो युवक मुक्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिले की पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग के जरिए ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार युवकों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो बंधक बनाए गए युवकों को मुक्त कराया तथा मौके से लैपटॉप, मोबाइल फोन, बैंक दस्तावेज और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं।


पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह यादव के निर्देश पर डीएसटी और सदर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार डीएसटी प्रभारी कन्हैयालाल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना सदर क्षेत्र के ग्राम कोदुकोटा की सरहद स्थित भंवर फार्म हाउस में कुछ युवक लोगों को ऑनलाइन गेम खेलने के लिए उकसाकर ठगी कर रहे हैं तथा दो युवकों को बंधक बनाकर उनसे जबरन काम कराया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने सर्च वारंट लेकर फार्म हाउस पर दबिश दी। मौके पर मुख्य भवन का लोहे का जालीदार दरवाजा बाहर से बंद मिला। पुलिस अंदर पहुंची तो एक कमरे में कई युवक मोबाइल और लैपटॉप के जरिए ऑनलाइन गेमिंग से संबंधित गतिविधियां संचालित करते मिले। पुलिस पूछताछ में छत्तीसगढ़ निवासी निखिल चौधरी और विशाल अंबेडकर ने बताया कि उन्हें नौकरी का झांसा देकर यहां बुलाया गया था। इसके बाद उन्हें बाहर नहीं जाने दिया गया और ऑनलाइन गेमिंग के जरिए लोगों से ठगी करने का दबाव बनाया जाता था। विरोध करने पर मारपीट भी की जाती थी।

जांच में लैपटॉप और मोबाइल फोन में ऑनलाइन गेमिंग वेबसाइट, विज्ञापन, बैंक खातों और अन्य संदिग्ध सामग्री मिली। पुलिस ने दोनों युवकों को मुक्त कराते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक लैपटॉप, 15 एंड्रॉयड मोबाइल, दो कीपैड मोबाइल, सिम कार्ड, बैंक पासबुक, क्रेडिट कार्ड, चार्जर और वाई-फाई राउटर समेत कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं। पुलिस ने मामले में छत्तीसगढ़ निवासी अंकित मुदलियार, रोशन सिंह और टिकेन्द्र उर्फ सोनू सहित मध्यप्रदेश के रतलाम निवासी विकास कसेरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं तथा ऑनलाइन गेमिंग एक्ट 2025 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कार्रवाई डीएसटी प्रभारी कन्हैयालाल, साइबर सेल के आशीष शर्मा, अशोक कड़वा, अनवर हुसैन, शैतान सिंह सहित डीएसटी, साइबर सेल और सदर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने की।

# शाहपुरा में 200 साल पुराना ऐतिहासिक कानजी का कुंड, अब प्रशासनिक अनदेखी

### जल संरक्षण के दावों के बीच बदहाली की मार, कभी राहगीरों की प्यास बुझाता था यह कुंड





भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**मूलचन्द पेसवानी**

भीषण गर्मी के दौर में जहां हर बूंद पानी की कीमत समझी जा रही है, वहीं शाहपुरा की ऐतिहासिक धरोहर ‘कानजी का कुंड’ आज प्रशासनिक उपेक्षा और बदहाली का शिकार होकर अपनी पहचान बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है। शाहपुरा से करीब 3 किलोमीटर दूर ओदी एवं ढाणी के बीड़ के पास स्थित यह लगभग 200 वर्ष पुराना ऐतिहासिक कुंड कभी राहगीरों, ग्वालों, चरवाहों और खेतों में काम करने वाले मजदूरों के लिए जीवनदायिनी जलधारा माना जाता था, लेकिन आज यह स्थल नगर पालिका की लापरवाही के कारण डंपिंग यार्ड में तब्दील होता नजर आ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार एक समय ऐसा था जब शाहपुरा से फुलिया कला तक पैदल, साइकिल और बैलगाड़ी से सफर करने वाले लोग इस कुंड के शीतल जल से अपनी प्यास बुझाते थे। बताया जाता है कि किसी भामाशाह ने ग्रामीणों और पशुपालकों की सुविधा के लिए इस कुंड का निर्माण करवाया था। उस दौर में यह केवल जल स्रोत नहीं बल्कि सामाजिक जीवन का अहम केंद्र भी था। विशेष स्थापत्य शैली में निर्मित कानजी का कुंड आज भी अपनी ऐतिहासिक बनावट और कला के कारण लोगों को आकर्षित करता है। पत्थरों की मजबूत संरचना, गहराई और पारंपरिक जल संरक्षण प्रणाली इस बात का प्रमाण है कि पुराने समय में जल संचयन को कितनी गंभीरता से लिया जाता था। लेकिन अफसोस, संरक्षण के अभाव में यह धरोहर धीरे-धीरे जर्जर होती जा रही है। सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है कि जब राज्य सरकार मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान और जल संरक्षण को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही है, तब आखिर इतने महत्वपूर्ण ऐतिहासिक जल स्रोत को अब तक किसी योजना में शामिल क्यों नहीं किया गया? स्थानीय लोग पूछ रहे हैं कि क्या जल संरक्षण केवल कागजों और भाषणों तक सीमित रह गया है? स्थिति यह है कि वर्षों से सफाई और रखरखाव नहीं होने के कारण कुंड के आसपास गंदगी का अंबार लग चुका है। नगर पालिका की अनदेखी ने इस ऐतिहासिक धरोहर को कचरा फेंकने की जगह बना दिया है। गर्मियों में जब क्षेत्र में पानी की जरूरत बढ़ती है तब लोगों को फिर इस कुंड की उपयोगिता याद आती है, लेकिन तब तक प्रशासनिक उदासीनता इसकी हालत और खराब कर चुकी होती है।

जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत जीव दया सेवा समिति समय-समय पर स्वयं आगे आकर इस कुंड की साफ-सफाई कर इसकी उपयोगिता बचाने का प्रयास करती रही है। समिति के संयोजक अतू खा कायमखानी ने कहा कि यदि समय रहते इस ऐतिहासिक कुंड का संरक्षण नहीं किया गया तो आने वाले वर्षों में यह धरोहर पूरी तरह खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि कानजी का कुंड केवल पानी का स्रोत नहीं बल्कि शाहपुरा की ऐतिहासिक पहचान और स्थापत्य कला की जीवंत मिसाल है।

पूर्व पार्षद डॉ. मोहम्मद इशाक ने भी प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के तहत इस कुंड की तत्काल सफाई और जीर्णोद्धार कराया जाना चाहिए। उनका कहना है कि जल संरक्षण के साथ-साथ ऐतिहासिक धरोहरों को बचाना भी प्रशासन की जिम्मेदारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन चाहे तो इस ऐतिहासिक कुंड को पर्यटन और जल संरक्षण मॉडल के रूप में विकसित किया जा सकता है। लेकिन फिलहाल हालात यह हैं कि कभी लोगों की प्यास बुझाने वाला यह ऐतिहासिक कुंड आज खुद बचाए जाने की पुकार लगा रहा है।

# रलायता की चैपाल में कांग्रेस पर बरसे बैरवा, बोले- ‘पहली बार गांव तक हिसाब लेकर पहुंची सरकार ‘

### -ग्राम रथ के जरिए सरकार ने गांव में जमाया विकास का दरबार, ग्रामीणों ने पानी-सड़क-बिजली पर खोला समस्याओं का पिटारा

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**मूलचन्द पेसवानी**

शाहपुरा पंचायत समिति के रलायता गांव में विकास, राजनीति और जनसमस्याओं का ऐसा संगम देखने को मिला, जहां ग्राम रथ के बहाने सरकार सीधे गांव की चैपाल तक पहुंच गई। विधायक डॉ. लालाराम बैरवा की मौजूदगी में आयोजित रात्रि चैपाल में ग्रामीणों ने खुलकर अपनी समस्याएं रखीं तो विधायक ने भी कांग्रेस सरकार पर तीखे राजनीतिक तीर चलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। ग्राम रथ के गांव पहुंचते ही चैपाल राजनीतिक रंग में रंग गई। विधायक बैरवा ने कहा कि यह पहली ऐसी सरकार है जो गांव-गांव जाकर जनता को अपना लेखा-जोखा दे



रही है। उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पिछली सरकार जनता से दूर होटलों में बैठकर केवल अपनी कुर्सी बचाने में लगी रही। युवाओं, किसानों, महिलाओं और बेरोजगारों के हितों की अनदेखी की गई, जबकि वर्तमान सरकार हर वर्ग को योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने में जुटी है। चैपाल में ग्रामीणों ने पानी की किल्लत, टूटी सड़कें, बिजली



व्यवस्था, पेंशन, खेती की जमीनों तक रास्तों की समस्या, आवास योजनाओं और अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर खुलकर शिकायतें रखीं। विधायक ने अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश देते हुए कहा कि समस्याओं का समाधान फाइलों में नहीं, जमीन पर नजर आना चाहिए। कई मामलों में तत्काल कार्रवाई के निर्देश देकर अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की गई। विधायक बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें और पात्र लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। रात्रि चैपाल में प्रशासनिक अमला भी पूरी तरह सक्रिय नजर आया। कार्यक्रम में फुलियाकलां एसडीएम ओम प्रकाश, तहसीलदार रामदेव धाकड़, बीडीओ प्रकाशचंद स्वर्णकार, एसीबीईओ डॉ. सत्यनारायण कुमावत, भाजपा जिला मंत्री राजेंद्र बोहरा, महामंत्री रामजस गुर्जर, कमला देवी सरपंच प्रशासक एवं शिवबहादुर सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

# बिजोलिया के रक्तदान महाशिविर में 3069 यूनिट रक्त संग्रह, महिलाओं ने दिखाई बड़ी भागीदारी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



**नरेश धाकड़।** विवेक सुषमा धाकड़ स्मृति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्वर्गीय श्रीमती सुषमा देवी धाकड़ की पुण्य स्मृति में 13 मई को आयोजित विशाल रक्तदान महाशिविर ने इस वर्ष भी मानव सेवा का नया इतिहास रच दिया। महाशिविर में कुल 3069 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो क्षेत्र में सेवा, समर्पण और सामाजिक जागरूकता का अनूठा उदाहरण बना।शिविर की सबसे बड़ी विशेषता महिलाओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही। करीब 950 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर समाज में सेवा भावना, जागरूकता और महिला सशक्तिकरण का प्रेरणादायी संदेश दिया। महिलाओं की बड़ी सहभागिता ने यह साबित किया कि अब महिलाएं भी सामाजिक सरोकारों एवं मानव सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

भीषण गर्मी के बावजूद हजारों युवाओं, ग्रामीणों, सामाजिक संगठनों एवं रक्तदाताओं ने शिविर में भाग लेकर मानवता की सेवा का परिचय दिया। सुबह से देर शाम तक रक्तदाताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। रक्त संग्रहण के लिए प्रदेश के विभिन्न प्रतिष्ठित अस्पतालों एवं ब्लड बैंकों की विशेषज्ञ टीमों ने अपनी सेवाएं दीं। इनमें एसएमएस ट्रॉमा सेंटर जयपुर, शांति ब्लड बैंक जयपुर, पेसिफिक हॉस्पिटल उदयपुर, अग्रवाल ब्लड सेंटर कोटा, कृष्णा रोटरी ब्लड बैंक कोटा, अरिहंत हॉस्पिटल, रामस्नेही हॉस्पिटल, महात्मा गांधी चिकित्सालय, कोटड़ी श्याम ब्लड बैंक एवं भीलवाड़ा ब्लड बैंक की टीमों ने रक्त संग्रहण कार्य किया। शिविर में महिलाओं एवं एनीमिक मरीजों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श की व्यवस्था भी की गई। सिम्स हॉस्पिटल भीलवाड़ा के सहयोग से महिला रोग विशेषज्ञ, डाइटीशियन तथा ब्लड शुगर एवं ब्लड प्रेशर जैसी बेसिक स्वास्थ्य जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

इस अवसर पर पूर्व जिला प्रमुख इंजीनियर कन्हैयालाल धाकड़ के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में ट्रस्ट अध्यक्ष दीपशिखा धाकड़ सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अखिल भारतीय धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष डॉ. अर्जुन धाकड़, पूर्व नगर पालिका चेयरमैन जफर टांक, विनोद ओस्तवाल, राजकुमार आंचलिया, बिजोलिया प्रधान आशा कुमारी भील, उपप्रधान कैलाश धाकड़, ट्रस्ट सचिव गोपाल धाकड़, कोषाध्यक्ष मोहनलाल धाकड़, महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मीना सोनी, पूर्व अध्यक्ष अल्का लढ़ा सहित अनेक सामाजिक, राजनीतिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।आयोजकों ने बताया कि यह शिविर केवल रक्तदान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करने का माध्यम बना। ट्रस्ट परिवार ने सभी रक्तदाताओं, महिलाओं, युवाओं, चिकित्सा टीमों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 'रक्तदान महादान है और यह किसी जरूरतमंद को जीवन की नई उम्मीद देने का सबसे बड़ा माध्यम है। '

# शाहपुरा आयुर्वेद चिकित्सालय की व्यवस्थाओं से प्रभावित हुए अतिरिक्त निदेशक

## औचक निरीक्षण में ओपीडी व्यवस्था, साफ-सफाई और सुविधाओं की सराहना

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**मूलचंद पेसवानी**




राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय शाहपुरा में बुधवार को अजमेर संभाग आयुर्वेद विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. शिव सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं, हाल ही में हुए विकास कार्यों एवं मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का अवलोकन कर उन्होंने संतोष व्यक्त किया।

निरीक्षण के दौरान डॉ. शिव सिंह ने ओपीडी व्यवस्था, साफ-सफाई, रिकॉर्ड संधारण, औषधियों की उपलब्धता तथा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की बारीकी से जांच की। उन्होंने अस्पताल की कार्यप्रणाली को सुव्यवस्थित बताते हुए चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की कार्यशैली की सराहना की।

अतिरिक्त निदेशक ने अस्पताल परिसर में किए गए विकास कार्यों एवं व्यवस्थाओं को मरीज हित में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए इस प्रकार की व्यवस्थाएं आवश्यक हैं। निरीक्षण के दौरान अस्पताल स्टाफ की सक्रियता एवं अनुशासन भी देखने को मिला।

# मोदी ग्राउंड टीम ने फुटबाल सीरीज का दूसरा मुकाबला भी जीता

## सीरीज का तीसरा मैच 17 को होगा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी की खेल विकास योजना के अंतर्गत मोदी ग्राउंड पर आयोजित सात मैचों की फुटबाल सीरीज का दूसरा मुकाबला भी 2-0 से मोदी ग्राउंड की टीम ने जीत लिया द्य एस एम एम गर्ल्स कॉलेज सेंटर की टीम ने बहुत ही बेहतरीन प्रदर्शन किया लेकिन मोदी ग्राउंड के खिलाड़ी अनुभव के आधार पर जीत हासिल कर गए द्य मोदी ग्राउंड के सौरभ व्यास, चंद्रजीत सिंह, अक्षत आमेटा , कनिष्क और नैतिक दवे ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया द्य गर्ल्स कॉलेज सेंटर के देवम जैन मैन ऑफ द मैच बने द्य इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष कैलाश चंद्र खटीक, विधायक कार्यालय से बाबूलाल टॉक और संजय राठी , शिवम हॉस्पिटल के डॉ अभिषेक पवार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मुकाबले की शुरुआत करवाई द्य मोदी ग्राउंड और गर्ल्स कॉलेज ग्राउंड के प्रशिक्षक महेश शर्मा व दिनेश सोलंकी ने सभी का आभार व्यक्त किया द्य मैच रेफरी की भूमिका मिथिलेश मारु ने निभाई द्य सीरीज संयोजक अजीत जैन ने बताया कि इस फुटबॉल श्रृंखला का तीसरा मैच 17 मई को मोदी ग्राउंड पर खेला जाएगा द्य

# खजीना संस्कृत विद्यालय में टीनशेड व झूला-चकरी का लोकार्पण

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।

**जसवंत पारीक**




राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय खजीना में बुधवार को टीनशेड एवं झूला-चकरी का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मांडलगढ़ विधायक एवं भूमि विकास बैंक चित्तौड़गढ़ के चेयरमैन बद्रीलाल जाट ने फीता काटकर लोकार्पण किया।

विद्यालय में यह सामग्री स्थानीय निवासी एवं कृषि विभाग चित्तौड़गढ़ के सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक दिनेशकुमार जागा द्वारा अपनी सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में भेंट की गई। कार्यक्रम में विधायक ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कारों को भी जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, नंदराय मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत, आकोला सरपंच शिवलाल जाट, पूर्व सरपंच लादूलाल जाट, कैलाश राव, पूर्व सहायक उपनिरीक्षक गोपाललाल राव, सेवानिवृत्त अध्यापक रामचंद्र जाट, प्रधानाचार्य भवानीशंकर शर्मा, बाबूलाल कुमावत, प्रेमचंद शर्मा सहित विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन भगवतीलाल शर्मा ने किया।

# कुमुद विहार वासियों ने मोदी के आव्हान पर पेट्रोल के न्यूनतम उपयोग की ली शपथ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल-डीजल के कम उपयोग की अपील के समर्थन में कुमुद विहार पीस पार्क में संरक्षक पर्यावरणविद बाबूलाल जाजू ने कुमुद विहार वासियों को राष्ट्रहित में पेट्रोल का न्यूनतम उपयोग करने की शपथ दिलाई। कॉलोनी अध्यक्ष सुरेश माहेश्वरी के नेतृत्व में अनिल अग्रवाल, राधेश्याम तोतला, अजय लोहिया, जगदीश कोगटा, प्रभात जैन, चेतन मुनोत, पुरुषोत्तम दास राठी, दीपक अजमेरा, किशन अग्रवाल, राजकुमार गदिया, संदीप तोतला, महेश मोदानी, शशि अग्रवाल, प्रीति लोहिया, शारदा माहेश्वरी, मोहिता जैन, रेनू बगड़ा, रेखा तोतला, नवीन गांधी, संदीप बगड़ा ने दुपहिया एवं चौपहिया वाहनों में पेट्रोल के न्यूनतम उपयोग की प्रतिज्ञा ली। जाजू ने कहा कि पेट्रोल की बचत से विदेशी मुद्रा खर्च में कमी आएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पेट्रोल-डीजल कम उपयोग अभियान का स्वागत करते हुए जाजू ने कहा कि राष्ट्रहित में सभी नागरिकों को अगले एक वर्ष तक विदेश यात्रा नहीं करने, सोना नहीं खरीदने एवं स्वदेशी सामग्री का उपयोग करके इस जनजागरण अभियान से जुड़ना चाहिए।

## QUICK BITES

### भारत विकास परिषद शाखा भोजरास की साधारण बैठक सम्पन्न

**पक्षी परिंडे वितरण, अभिरुचि शिविर एवं गतिविधि समूह गठन पर हुई चर्चा**

भीलवाड़ा फोकस @ आगूचा।



**गोपाल ।** भारत विकास परिषद शाखा भोजरास की साधारण बैठक मंगलवार को राठौड़ फार्म हाउस पर शाखा अध्यक्ष अशोक अजमेरा के सानिध्य में आयोजित हुई। बैठक में शाखा की आगामी गतिविधियों, सामाजिक सरोकारों एवं सेवा कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में गत माह में शाखा द्वारा किए गए विभिन्न सेवा एवं सामाजिक कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए पक्षी परिंडे बांधने एवं उनके वितरण को लेकर योजना बनाई गई।

इसके अलावा प्रकल्प कार्यशाला में अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर सदस्यों के बीच चर्चा हुई। शाखा सदस्यों के मध्य 'गतिविधि समूह टोली' का गठन भी किया गया। बैठक में शीघ्र ही अभिरुचि शिविर आयोजित करने पर सहमति व्यक्त की गई।

इस अवसर पर शाखा सचिव अशोक मानावत, कोषाध्यक्ष दिलकुश मेवाड़ा, वरिष्ठ सदस्य भंवरलाल टेलर, दुर्गाप्रसाद मालपानी, अमरसिंह राठौड़, जगदीश कुम्हार, भंवरलाल शर्मा, कृष्णकांत शर्मा, भैरूनाथ योगी, दीपेश शर्मा सहित कई परिषद सदस्य उपस्थित रहे।

### खैराड़िया एवं एवीएस स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



**मानव तिवाड़ी ।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देशन में मंगलवार को खैराड़िया एवं एवीएस स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में छात्र-छात्राओं को संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों, स्वतंत्रता के अधिकार, समानता के अधिकार, शिक्षा के अधिकार तथा शोषण के विरुद्ध अधिकारों की जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराध, सुरक्षित बचपन-सुरक्षित भविष्य अभियान एवं पोक्सो एक्ट से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में पीएलवी रामबाबू माथुर, पीएलवी सुनीता नायक एवं इंटर्न अधिवक्ता अनन्या राव ने छात्र-छात्राओं को साइबर ठगी, ऑनलाइन अपराधों एवं बच्चों के संरक्षण से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए सतर्क रहने का संदेश दिया।

इस अवसर पर संस्थापक लाभचंद पटवारी, प्राचार्य मीनाक्षी जैन, राजेंद्र बच्चन, मनीष, सौरभ, चेतन, दीपक, शांति गुर्जर सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### सागर के हनुमान मंदिर महायज्ञ में लाल धागे सरकार ने दी आहुतियां, साधु-संतों का किया सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ सावर ।



शोक्याखेड़ा स्थित प्राचीन सागर के हनुमान मंदिर परिसर में बुधवार को आयोजित विशाल सप्त दिवसीय नौकुंडीय महायज्ञ में श्री लाल धागे सरकार महंत चन्द्रप्रकाश जी महाराज ने सहभागिता निभाई। गुरुदेव रामप्रिय दास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में यज्ञाचार्य पंडित राजेन्द्र प्रसाद शास्त्री के मंत्रोच्चारण के बीच चल रहे हवन में लाल धागे सरकार ने आहुतियां अर्पित कर धर्म लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर महंत चन्द्रप्रकाश जी महाराज ने पंडित राजेन्द्र प्रसाद शास्त्री द्वारा किए जा रहे धार्मिक भगवतगीता पाठ को श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। यज्ञ समिति की ओर से लाल धागे सरकार का स्वागत-सम्मान किया गया। साथ ही साधु-संत एवं महात्माओं को भेंट व दान भी प्रदान किया गया।

महायज्ञ में क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है तथा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। आयोजकों ने बताया कि धार्मिक अनुष्ठानों का समापन गुरुवार को होगा।

### बड़ला में देवनारायण व भैरुनाथ की प्राण-प्रतिष्ठा आज

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**( सांवर वैष्णव ):-** कस्बे के निकटवर्ती जाटों का बड़ला गांव में सोपुरा जाटों का रोड़ पर स्थित बन्नी के देवनारायण मंदिर प्रांगण में आयोजित हो रहे, पांच दिवसीय पंच कुंडात्मक श्री महाविष्णु यज्ञ के चौथे दिन बुधवार को सहस्त्रधारा अभिषेक किया गया । ग्रामीण मुकेश जाट ने बताया कि बन्नी के देवनारायण मंदिर में देवनारायण भगवान व भैरुनाथ की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय पंच कुंडात्मक श्री महाविष्णु यज्ञ की शुरुआत रविवार को कलशयात्रा के साथ हुई । चौथे दिन बुधवार को प्रातः 8:15 बजे स्थापित देवी देवताओं का आहवान कर पूजा-अर्चना की । मूर्तियो का फलाधिवास, पुष्पाधिवास किया गया । वही आचार्य पंडित लादूलाल दाधीच के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 25 जोड़ों ने हवन कुंड में विष्णु सहस्त्रनाम की आहुतियां लगाई । कल गुरुवार दोपहर 12:15 बजे अभिजीत मुहूर्त में देवनारायण भगवान और भैरु नाथ की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी । दोपहर 3 बजे महाआरती के साथ यज्ञ की पूर्णाहुति होगी । इसके बाद प्रसादी का भोग लगाकर प्रसादी वितरण होगी ।।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।